तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

11 गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलता पूर्वक...



12 जिले के बस स्टैंड में सजी तरबूज की दुकानें...





क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)
डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी
Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग में प्रवेश के लिए 7 तक भरे जाएंगे फार्म

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर जाकर 7 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थिंयों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

### आंगनबाड़ी का संचालन सुबह 7 से 11 बजे तक

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्मी की अधिकता के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों और परियोजना अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून 2024 तक आगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय 6 घण्टे से घटाकर 4 घण्टे किया जाये। समयवधि में उक्त परिवर्तन करने पर केन्द्र संचालन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरान्त 16 जून से पुनः आगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रातः 9:30 से 3:30 बजे तक 6 घण्टे के लिये किया जायेगा।

### एक लाख का गांजा बरामद, आरोपी फरार

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने डबरी बड़े खेमड़ा से 5 किलो गांजा कीमत एक लाख रुपए को बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी फरार हो गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### बागबाहरा पुलिस ने जब्त किया महुआ शराब


**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 35000 एमएल महुआ शराब जब्त किया है। रेलवे अंडर ब्रिज के पास पतेरापाली से आरोपी पवन रात्रे पिता सोनसाय (42) निवासी कोमा के कब्जे से 25000 एमएल महुआ शराब कीमत 5000 रुपए तथा कोटरीपानी निवासी त्रिलोचन ठाकुर पिता खेमूराम (25) के पास से 10000 एमएल महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में समूह की महिलाओं ने मतदान जागरूकता कलश दीप यात्रा आयोजित की। साथ ही जागरूकता रैली आयोजन के अलावा महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता के संदेशों से युक्त रंग-बिरंगी मेहंदी लगाकर मतदान का संदेश दिया। जनपद पंचायत गरियाबंद के कोचबाय संकुल संगठन की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान हेतु पारम्परिक रूप से मतदान कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा संकुल केंद्र से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मतदान केंद्र पर समाप्त हुई। मतदान जाकरूकता के लिए लोक परम्परा और संस्कृति के अनुसार जब कलश यात्रा निकाली गई तो कई ग्रामीणजन स्वमेव इस यात्रा में जुड़ते गए। यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे व गीत गाये गये। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न गांवों में भी अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया। इसी कड़ी में तिरंगा क्लस्टर संगठन रानीपरतेवा में महिलाओं द्वारा मतदान शपथ ग्रहण कर कलश यात्रा के साथ रैली निकाली गई।

## जिले में समूह की महिलाओं ने निकाली मतदान जागरूकता कलशयात्रा




### मतदान के लिए किया प्रेरित

संकुल संगठन मदनपुर में भी समूह की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विकासखण्ड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत अरण्ड में महिलाओं ने रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिले के दूरस्थ अंचल देवभोग के ग्राम पंचातय रोहनागुड़ा की महिलाओं ने भी कलश यात्रा निकालकर जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाई। संकुल संगठन मदनपुर की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता के विभिन्न श्लोगनों एवं नारो को रंग-बिरंगी मेंहदी के रूप में अपने हाथों में उकेरी।




**तस्करी :** गर्मियों में नदी नालों में शिकारियों के हाईड आउट को वन विभाग की एंटी पोचिंग टीम ने किया ध्वस्त

# हरियल कबूतर का शिकार कर ढाबों और होटलों में हजारों रुपए में हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

धमतरी जिले के ढाबों में एक हजार रुपए में मिलने वाले हरियल (हरा कबूतर ) को पकड़ने शिकारी चारा–पानी का लालच देते हैं, फिर एक साथी की आंखों को पलटाकर जाल में उलटा लटका देते हैं, जिसे देखकर झुंड पहुंचता है। जाल में झुंड में चिड़ियों के घुसते ही शिकारी सभी चिड़ियों को दबोच लेता है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व अभ्यारण्य में ऐसे ही एक मामले में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने हरे कबूतर को शिकारी के चुंगल से निकाला। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने हरियल पक्षी (हरा कबूतर) के शिकार के लिए बिछाए जाल को जप्त कर फंसे चिड़ियों को आजाद कराया है। वरूण जैन सोमवार को अरसीकन्हार वन परिक्षेत्र के पश्चिम जोरातराई बिट निरीक्षण में निकले हुए थे, तभी उनकी नजर जंगल में मौजूद नाले में लगाए गए जाल पर पड़ी। जिसमें दो–तीन हरियल चिड़िया फंसा हुआ था। जाल के पास वन विभाग के लोगों को ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने देखा, शिकारी कैसे करते है इन दुर्लभ चिड़ियों का शिकार



### एक हजार में मिलती है चिड़िया

हरियल चिड़िया जिसे हरा कबूतर भी कहते हैं, खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक होने के कारण जंगली क्षेत्र से जुड़े शहरो के ढाबों में इसकी भारी मांग रहती है। 350 ग्राम के एक कबूतर के लिए एक हजार रुपए तक शौकीन दे जाते हैं। ये उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल इलाके में बहुतायत मात्रा में पाए जाते है। ओडिसा के शिकारी ज्यादातर इसका शिकार करते हैं, फिर इसे ओडिसा के अलावा धमतरी जिले के हाइवे में पड़ने वाले ढाबों तक इसकी सप्लाई होती है. शिकारी इसे अधिकतम 300 रुपए में बेचते है, थाली में सजने के बाद इसकी कीमत 1 हजार हो जाती है।

### दाना–पानी का लालच देकर फंसाते हैं जाल में

जाल में चिड़ियों को फंसाने को तरीके को उपनिदेशक ने करीब से देखा है। उन्होंने बताया कि गर्मी में प्यासी चिड़ियों के लिए सुख चुके नदी किनारे झेरिया खोदा जाता है, फिर दाना डाला जाता है, एक झोपड़ी भी बनाया जाता है, जिसमें चिड़िया आराम कर सके। इसी जगह पर लगभग 25 से 30 मीटर जाल का फांस तैयार किया गया था। पहले से फंसे चिड़ियों की आंखें को पलटाकर जाल में लटका दिया गया था, और चिडिया के कुछ पर भी कतर दिए गए थे, ताकि चिडिया उड़ न सके। जाल में मौजूद इन्हीं लाचार पंक्षियों को देख दूसरे पक्षी भी आते हैं। जब इनकी संख्या बढ़ जाती है, तो जाल में फंसा दिया जाता है।

### एन्टी पोचिंग टीम ने किया ध्वस्त

शिकारियों द्वारा गर्मी के मौसम में सूख रहे जल स्त्रोतों का उठाया फायदा जाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव (कोर) परिक्षेत्र ओडिशा सीमा के समीप पश्चिम जोरातराई बीट अंतर्गत सोंदूर नाले का औचक निरिक्षण के दौरान एक शिकारी को पेट्रोलिंग-एन्टी पोचिंग दल (उपनिदेशक वरुण जैन, परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रबली ध्रुव, परिक्षेत्र सहायक रिस्गांव महेंद्र चौहान एवं 2 पेट्रोलिंग श्रमिक) द्वारा इंटरसेप्ट किया गया जो कि खरपतवार से निर्मित हाईडआउट (छुपकर तीर, गुलेल मारने, जाल बिछाने वाले स्थान) में बैठकर जाल बिछाकर पक्षियों का शिकार कर रहा था। दल को देखकर शिकारी मौके से घने जंगल में भागकर फरार हो गया जिसकी पतासाजी की जा रही है। मौके से दो हरियल पक्षियों को रेस्क्यू किया गया, पक्षियों को पकड़ने के लिए बनाया गया फंदा जप्त किया एवं हाईडआउट को नष्ट किया गया। टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य वन क्षेत्र में पक्षियों का शिकार खेलने या करने वालो पर एवं अनधिकृत प्रवेश पर कम से कम तीन साल की कैद का प्रावधान है और यह एक गैर जमानती अपराध है। ग्रीष्म ऋतू के समय टाइगर रिजर्व में ट्रेसपासर्स पर तत्काल कारवाई करने के निर्देश दिए गये है।

## 8.5 लाख रुपए के धान से भरे ट्रक की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ड्रायवर चाय पीने के लिए नीचे उतरा तो कुछ ही देर बाद ट्रक गायब हो गया। ट्रक में 8.50 लाख का धान भरा हुआ था। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली वैसे ही नाका बंदी किया और आरोपी को ट्रक में धान सहित दबोचने में सफलता मिल गई।

मामला नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ट्रान्सपोर्ट व्यवसायी जसवीर सिंह छाबड़ा ने नवापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि रविवार 31 मार्च को अशोक लीलेंड ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजी 3652 में धान लोडकर ड्रायवर सुमीत यादव ने नवापारा के एकता राईस मिल में खाली करने हेतु खड़ी कर चाय पीने चला गया। जब चाय पीकर कुछ देर बाद ड्रायवर वापस आया तो, ट्रक गायब था। ड्रायवर ने गाड़ी मालिक से पूछा कि गाड़ी को कहीं राईस मिल के अंदर तो नहीं ले गए। मालिक द्वारा अनभिज्ञता जाहिर किया गया। इतने में ड्रायवर सुमीत यादव और मालिक श्री छाबड़ा के कान खड़े हो गए। वे इधर-ऊधर आसपास खोजे परंतु मगर गाड़ी का पता नहीं चला। जिसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। नवापारा पुलिस तत्काल हरकत में आई। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाले। खंगालने के बाद एक ट्रक कुरूद रोड में नारी की ओर जाते दिखा। नवापारा थाने के नए टीआई अवधराम साहू बिना देर किए पुलिस बल ▶▶|शेष पेज 11 पर

## 19 से 1 जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## अवैध शराब निर्माण पर कार्रवाई

**सरायपाली।** सिंघोडा पुलिस ने ग्राम डोंगारक्सा के नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण कार्य पर रेड कार्रवाई की गई। यहां शराब बनाने वाले विभिन्न प्रकार के सामग्री सहित 100 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 20000 रुपए को जब्त किया। 3000 किलोग्राम महुआ लहान (पास) कुल कीमती 150000 एवं अवैध शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश साहू, आरक्षक वीरेंद्र बाघ, कृष्णा यादव, रमाकांत त्रिपाठी, जितेंद्र आदिले, धनाराम कुर्रे का सहयोग रहा।

## 26 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

यात्री बस में गांजा तस्करी करते दो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक कृष्णा प्रसाद द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही की जाती रही थी। इसी क्रम में 01 अप्रैल को दो युवक मां शारदा बस क्रमांक सीजी-23 एल-0172 झाखरपारा देवभोग से रायपुर ले जाने के दौरान उक्त जानकारी पर जिला गरियाबंद के स्पेशल टीम एवं थाना गरियाबंद ▶▶|शेष पेज 11 पर



ग्राम खड़मा में श्रीमद भागवत कथा जारी

# भागवत में राम और कृष्ण जन्म की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम खड़मा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 29 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजित है। जहां भगवताचार्य बालयोगी विष्णु अरोड़ा के मुखारवृन्द से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराया जा रहा है। भागवत कथा का शुभारंभ 29 मार्च को भव्य कलशयात्रा एवं वेदी पुजन भागवत गौकरण कथा से प्रारंभ किया गया है। जिसके आज पांचवें दिवस 2 अप्रैल को भगवान श्रीरामचन्द्र और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित कथा श्रवण कराया कथा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजें भगवान श्रीरामचन्द्र की कथा श्रवण कराया जा रहा है। और दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से 5:30 तक भगवान श्रीकृष्ण की कथा का श्रवण पान कराया जा रहा है। 3 अप्रैल को बाल लीला कंस वध गोवर्धन पूजा रुखमणी विवाह की कथा श्रवण करवायेंगे। भागवत कथा श्रवण करने ग्रामीणजन की बड़ी संख्या में तेज धूप उमस में भी श्रद्धालुओं की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा ▶▶|शेष पेज 11 पर





**6 को पूणाहूति के साथ भागवत कथा समापन-** 4 अप्रैल को सुदामा चरित्र कथा, 5 अप्रैल को परिक्षित मोक्ष एवं 6 को गीतापाठ प्रवचन हवन उपरान्त पूणाहूति के साथ भागवत कथा समापन होगी। आयोजन बिस्मत बाई यादराम साहू, लगनी अवधराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, रेमन -जगतराम साहू, झरना -महेश साहू, राजेश्वरी -मदनलाल साहू, कांतिबाई साहू, रामबाई साहू एवं समस्त साहू परिवार खड़मा मड़ेली के द्वारा आयोजन किया गया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


P.C.
सर का OFFER
FLAT 70% OFF
Lee
Wrangler
KILLER
LAWMAN
integriti
Raymond Apparel
Arvind Life Style
All Brand Ladies Kurties Too
2 पे 2 फ्री
I CLEVER, GRAMMER, TULIP YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY MUSIC & MANY BRANDS
50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को नि:शुल्क भोजन
Rare & Dynamic Personality never seen before
P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?
Deepak Advertisers
FLAT 50% OFF
JOCKEY
Lyra WOMEN'S WEAR
Cosmetic Items too
ROOKIES DENIM DIVISION 999/.
Crocodile 699/.
ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS
दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)
P.C. LOOTMART
SHUBHAM FAMILY STORE
98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314
दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खबर संक्षेप

### तुमगांव स्कूल के 3 बच्चों का नवोदय में चयन

**छुरा।** नगर के तुमगांव में स्थित इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदन में हुआ है। जिसमें पुष्पराज कुर्रे पिता होरीलाल कुर्रे, पल्लवी दीवान पिता अश्वत दीवान और दामेश कुमार ध्रुव पिता शिवदयाल ध्रुव प्रमुख है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता सिन्हा, उपाध्यक्ष खिलावन साहू, संस्था प्रमुख प्रीतम साहू, संस्था प्रबंधक प्राची साहू, प्रिंसिपल रेवेंद्र दीक्षित, वाइस प्रिंसिपल सुरेश साहू, नंदेश्वरी साहू, मंगला राजपूत, सोनिया सोनी, हेमलता पटेल, पद्मनी साहू, टिकेश्वरी रात्रे, यमुना नेताम, मानसी ध्रुव, प्रेरणा साहू, सुधा सेन, मनीषा साहू, पूजा रानी खुटे, रागनी यादव, दिशा साहू, सुशीला साहू, टेकराज दंडसेना, मनोज साहू, शिव कुमार, धनेश मिर्धा ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### 5 घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 2 अप्रैल को ललिता निर्मलकर एवं राधे निर्मलकर के सहयोग से अखण्ड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। नशा व मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें रंजित चंद्राकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, राजू सेन, लोचन चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, गोलू चंद्राकर, ललिता निर्मलकर, राधे निर्मलकर, खुशबू निर्मलकर, शांति निर्मलकर उत्तरा, मोनिका, संध्या, कुमारी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बेमचा खल्लारी मंदिर में होगी ज्योति प्रज्ज्वलित

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र महोत्सव पर मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र पर ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। ज्योति स्थापना 9 अप्रैल मंगलवार समय दोपहर 12 बजे होगी। पंचमी श्रृंगार 13 अप्रैल शनिवार, हवन अनुष्ठान 16 अप्रैल मंगलवार को संध्या 5 बजे, ज्योति शांति 16 अपैल मंगलवार रात्रि 12 बजे होगा। मेला 23 अप्रैल मंगलवार को लगेगा। साथ ही श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। कथा समय 2 बजे 6 बजे प्रतिदिन होगा। भगवताचार्य स्वर्णिम दीदी वृंदाधाम होंगे। शतचंडी यज्ञ 9 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। यज्ञाचार्य पंडित सूर्य प्रकाश तिवारी बेलसोंडा वाले होंगे। यह जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### पंचम के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह

**नर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर कसेकेरा में तृतीय और चतुर्थ कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा पंचम के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य और आचार्य दीदीयों द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। ततपश्चात विद्यार्थियों ने आचार्य दीदीयों का आरती कर तिलक वंदन से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानचार्य टीकम कुमार ठाकुर ने कहा कि किसी भी विद्यालय की सबसे कीमती संपत्ति होती है पढ़ने वाले छात्र। अगर छात्र ही न हो तो विद्यालय अधूरा है। छात्रों से ही विद्यालय की शान बढ़ती है और वह विद्यालय कहलाता है। लेकिन, छात्रों को अच्छी शिक्षा देने में शिक्षकों का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं गर्व से कह सकता हूँ कि मेरे विद्यालय के अभी छात्र समय के पाबंद, संस्कारी और एक जिम्मेदार नागरिक है। छात्रों को इतनी अच्छी शिक्षा देने का पूरा श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकगणों को जाता है।

### राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**बागबाहरा।** 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती का आयोजन 31 जनवरी को पावर जिम सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित किया गया था। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर के पूर्व छात्र लकी यादव ने 65 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल तथा शिक्षिका प्रीति यादव ने 60 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल तथा व्यायाम शिक्षक तोरण यादव ने 60 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल जीता।

**जानकारी : प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें : कलेक्टर**

# गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलता पूर्वक निर्वाचन में करें भागीदारी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर दिए निर्देश

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में भी आचार संहिता लागू है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले में निष्पक्षता और त्रुटि रहित मतदान संपादित करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, आईटीएस कॉलेज गरियाबंद और शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1 हजार 340 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों कॉलेजों में जाकर विभिन्न कक्षाओं में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। साथ ही मतदान से संबंधित बारीकियों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निष्पक्षता और त्रुटिरहित तरीके से संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर निर्वाचन संपादित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी समयबद्ध और अनुशासन का पालन करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मतदान दिवस में होने वाले गतिविधियों एवं चुनावी प्रक्रियाओं की जानकारियों को अच्छे से समझे, जिससे मतदान दिवस में मतदान प्रक्रियाओं से संबंधित परेशानी न हो। इस अवसर पर एडीएम श्री अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम श्री विशाल महाराणा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री हितेश पिस्दा, अर्पिता पाठक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




**ट्रेनर से तत्काल प्रश्न पूछकर अपना डाउट क्लियर करें**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखे। प्रशिक्षण के लिए दिये गये प्रशिक्षण सामग्रियों का अच्छे से अध्ययन करे, जिससे सभी निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी कंठस्थ रहे। किसी भी प्रकार की कन्फ्यूजन की स्थिति में प्रशिक्षण में मौजूद मास्टर ट्रेनर से तत्काल प्रश्न पूछकर अपना डाउट क्लियर करे। उन्होंने सीआरसी, मॉकपोल, ईव्हीएम क्लोजिंग, ईव्हीएम सीलिंग, निर्वाचन प्रपत्रों के संधारण आदि की समयबद्ध तैयारी को प्रशिक्षण में अच्छे से सीखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षण कक्षों में शामिल मतदान अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के भी निर्देश दिये। जिससे ग्रुप में प्रशिक्षण से संबंधित सूचना और नवीनतम जानकारियों को साझा किया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण अवधि में बताये गये जानकारियें से संबंधित सवालों का प्रतिदिन टेस्ट भी आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति और भूमिका की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, भारतीय जीवन बीमा निगम, विभिन्न राष्ट्रीय बैंकों के कुल 111 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। जिन्हें वन प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया।

पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति एवं भूमिका, उनके जानने योग्य बातें, मतदान के दौरान ध्यान देने योग्य बातें तथा उनके द्वारा 18 बिंदुओं में तैयार की जाने वाली चेक लिस्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए सामान्य आब्जर्वर के नियंत्रण एवं निरीक्षण में कार्य करता है। वह मतदान केंद्र में मतदान दलों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन करते हैं। वे मतदान दल के सदस्य नहीं होते। अतः उन्हें मतदान अधिकारियों के किसी भी कार्य में सहायता नहीं करनी चाहिए। मतदान दलों द्वारा किए जाने वाले मॉक पोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए ईवीएम को तैयार करने के कार्य का अवलोकन करना चाहिए।



## बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

अंचल के ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, अकलवारा, फिंगेश्वरी, रानीपरतेवा, करकरा, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, ओनवा, खैरझिटी, पीपरहट्ठा, पाठशिवनी, परसदा खुर्द, बोड़राबाधा, खड़मा, कसेकेरा, भैरा, नवापारा, करचाली, देवसरा, द्वारतरा, बम्हनी, अमेठी, साजापाली, लोहझर आदि ग्रामों में बिजली कटौती और लो ओल्ट से ग्रामीण व किसान परेशान हैं। लो ओल्ट और कटौती होने के कारण किसानों की फसल में सिंचाई नहीं हो पा रहा है जिससे धान की फसल मर रहे हैं। किसानों के फसल मर रही हैं। लो ओल्ट होने के कारण कई किसानों का मोटर पंप नहीं चल रहा है। जिससे किसान चिंतित हैं। किसान अपने किसानी कार्य में धान बीज से लेकर गाद दवाईयां सभी डाल चुके हैं और ऐसे स्थिति में किसानों का फसल पानी बीना मर रहे हैं तो किसान फिर से कर्ज में लदने की स्थिति बन गई है। किसानों सहित ग्रामीण भी लो ओल्ट की समस्या से परेशानी हो रही है लो ओल्ट होने के कारण न तो पंखा चल रहा है नहीं कुलर। लोग प्रचंड गर्मी धूप व उमस से लोगों का पसीना निकल रहा है।



### शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्र तैयारी जोरों पर



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी और बुड़ेनी के मां शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गया हैं। मंदिर की साफ सफाई, रंग-रोगन किया जा रहा है। नवरात्र का शुभारंभ 9 अप्रैल से होने जा रहा हैं। 13 अप्रैल को देवी पंचमी है। 18 को अष्टमी मनाया जाएगा।

## चैत्र नवरात्रि की तैयारियां को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



होली त्योहार मनाने के पश्चात अब नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिनों का रहेगा। 9 अप्रैल मंगलवार को घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ होगा। और 17 अप्रैल बुधवार को जवारा विसर्जन के साथ समापन होगा। इस बीच पंचमी 12 अप्रैल शुक्रवार और अष्टमी हवन पूजन पूर्णाहुति 16 अप्रैल मंगलवार को होगा। क्षेत्र रानी मां केरापानी चैत्र नवरात्र की तैयारी के लिए 2 अप्रैल को मुढीपानी में समिति की बैठक संपन्न हुआ। आज से इसकी तैयारी में देवी मंदिर में पुजारी एवं मंदिर समिति के लोग जुट जाएंगे। क्षेत्र रानी मां केरापानी में साफ सफाई व रंगाई पुताई और रंग पेंट का काम समिति द्वारा कराया जाएगा। वहीं रानी मां केरापानी में मनोकामना ज्योति जलवाने वाले देवी भक्तों की रसीद सेवा समिति के लोग काट रहे हैं। मनोकामना ज्योति 1001 रूपए रखा गया है। मलेवा अंचल के पहाड़ों में स्थापित रानी मां केरापानी सहित क्षेत्र के सभी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारी में देवी भक्त गण और मंदिर सेवा समिति के सदस्यगण लगें हुए हैं। इस मौके पर पुजारी डुलेश्वर दीवान, तुलसीराम दीवान, दयाराम नागेश, डीआर यादव, कमलेश्वर नायक, परमेश्वर यादव, नारायण ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, मुक्तेश्वर दीवान, रेवा राम, जगदीश सेन, चदर सिंह दीवान, कमल मांझी, रायसिंह ध्रुव,घासी मांझी, बुधराम निषाद, सती लाल, वेदव्यास निषाद, मन्शु राम, बिरेंद्र ध्रुव, डायमंड कंवर सहित पांचों पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं मुढीपानी के ग्रामवासी उपस्थित थे।



## ताम्रध्वज ने भरा नामांकन कार्यकर्ताओं ने लिया भाग



**छुरा।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने अपना नामांकन भरा है, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा, महामंत्री प्रहलाद यदु सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस में 5 गारंटी लोकसभा चुनाव में रखी है। जिसमें किसान गारंटी, युवा गारंटी, महिला गारंटी सहित अन्य वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए गारंटी तय की गई है, लोकसभा चुनाव के पश्चात सभी को इसका लाभ मिलेगा।

## शक्तिकेंद्र की बैठक में 400 पार को सफल बनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

पाण्डुका भाजपा मंडल के शक्तिकेंद्र बोड़राबांधा के बुथ पचपेड़ी घटकर्रा, नांगझर, बोड़राबांधा में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में लोकसभा चुनाव के संबंध में विशेष चर्चा किया गया। विशेष चर्चा के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के 400 पार को हर हाल में सफल बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने का संकल्प लिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि एवं शक्तिकेंद्र प्रभारी टीकम साहू ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, मीडिया प्रभारी कन्हैया चक्रधारी सहित बुथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## महिलाओं ने व्रत रख की शीतला माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर की महिलाओं ने शीतला मंदिर छुरा में विधी-विधान से मनाते हुए व्रत रखा एवं पूजा अर्चना की। चैत्र मास के सात दिवस के बाद सप्तमी आती है हिंदू धर्म में शीतला सप्तमी और अष्टमी तिथि का विशेष महत्व है जो हर साल चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस देवी दुर्गा और पार्वती मां की अवतार देवी शीतला की पूजा की जाती है और उन्हें बासी खाने का भोग लगाया जाता है। इसलिए इसे बासोड़ा पर्व के नाम से भी जाना जाता है। शीतला सप्तमी और अष्टमी पर शीतला माता की आराधना करने से रोगों से छुटकारा मिलता है। ऐसी मान्यता है कि शीतला अष्टमी सर्दियों के मौसम खत्म होने का संकेत होता है। इसे सर्दी क मौसम का आखिरी दिन माना जाता है। ऐसे में शीतला माता को इस दिन बासी खाने का भोग लगाने की परंपरा है।



**पेज 9 के शेष...**

### हरियल कबूतर का...

पहुंचते देख शिकारी भाग खड़ा हुआ उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व की टीम ने जाल में फंसे चिड़ियों को बाहर सुरक्षित निकाला। वरुण जैन ने कहा कि इन इलाकों में अब पेट्रोलिंग बढ़ाई जा रहे। गर्मी में पानी की कमी होते ही पानी के स्त्रोतों के आसपास शिकारी सक्रिय होते हैं। इन पर नकेल कसने की योजना बना ली गई है।

### 8.5 लाख रुपए के...

के साथ उस दिशा में रवाना हुए। पुलिस को यह ट्रक ग्राम भरदा जिला धमतरी में मिला। इसे घेराबंदी कर रोका गया। आरोपी को ट्रक सहित थाना लाया गया और कार्रवाई की गई। टीआई अवध राम साहू ने बताया कि धान समेत ट्रक चोरी की सूचना मिलते ही वे फौरन कुरूद-नारी की ओर रवाना हुए और आरोपी देवराज ध्रुव उम्र 25 वर्ष ग्राम गदहीदीह थाना फिंगेश्वर को दबोच लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शहर के लोगो ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि अब ट्रक जैसे भारी भरकम वाहन को भी चोरी करने से चोर हिचक नही रहे है। फिर तो दुपहिया वाहन और सायकल तो ऐसे चोरो के लिए बाएं हाथ का खेल है। बता दें कि नवापारा शहर में बिहार,युपी,झारखंड जैसे अनेको प्रदेशो से लोग यहां किराए की मकान लेकर रहना शुरू कर दिए है। ऐसे लोगो के पिछले रिकार्ड को भी जांच के दायरे में लाए जाने की मांग नागरिको ने किया है।

### 26 किलो गांजा...

पुलिस द्वारा रोककर पूछताछ करने पर आरोपी अजमत खान पिता हफीजुल्ला खान उम्र 27 साल निवासी उचोद मध्यप्रदेश अरशद खान उम्र 26 साल निवासी ग्राम पिरावा राजस्थान से कुल 26.800 किलोग्राम गांजा को उड़िसा से खरीदकर लाना बताये जिसका कीमत 2,68,000 रूपये एवं 02 नग मोबाईल किमती 22,000 रूपये कुल जुमला कीमती 2,90,000 रूपये को पकड़ने में सफलता हासिल हुई। कार्यवाही पश्चात उक्त आरोपियो को रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियो द्वारां पुलिस को इस प्रकार के अवैध कारोबारियो पर निरंतर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक कृष्णा प्रसाद जागड़े, टीकाराम ध्रुव प्रआर डिगेश्वर साहू, स्पेशल टीम, मनीष वमा, सुशील पाठक, सतीश गिरी, देवेन्द्र सोनवानी, गजानंद सिन्हा, की सराहनीय भूमिका रही।

### भागवत में राम...

रही है। ग्रामीणों के अलावा आस पास के ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद,रानीपरतेवा, करकरा, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, ओनवा, खैरझिटी, पीपरहट्ठा, पाठशिवनी, परसदा, पीपरछेड़ी, परसदा खुर्द सहित आसपास के श्रृद्धालु भक्तजन हजारों की संख्या में भागवत कथा श्रवण करने आ रहे हैं। वहीं सभी श्रद्धालु भक्तजनों के लिए साहू परिवार द्वारा विशाल भोजन प्रसादी भण्डारा का आयोजन किया गया है जहां प्रतिदिन हजारों भक्तों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्र 9 से प्रारंभ जलेंगे ज्योति कलश

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम सोरिद खुर्द से 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर विराजमान निर्जन, पहाड़ी, प्राकृतिक झरना, मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में ज्योति कलश स्थापना किया जाएगा। चैत्र नवरात्र प्रारंभ 9 अप्रैल से प्रारंभ होगी।

### देवरी ग्रामीणों को मिली नाली निर्माण की सौगात



**राजिम।** ग्राम पंचायत देवरी में वर्षों से नाली निर्माण की बाट जोह रहे ग्रामीणों को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के प्रयासों से सौगात मिली है। विधायक रोहित साहू ने गत दिनों देवरी में जिला पंचायत निधि से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया था जो अब बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। नाली निर्माण की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने हर्ष प्रकट करते हुए विधायक रोहित साहू का उनके निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। विधायक का आभार प्रकट करने वालों में सरपंच भागवत साहू, पूर्व सरपंच नंदकुमार साहू, उपसरपंच डिगेश साहू, सुखदेव साहू, लोकेश्वर साहू, शिव तारक, कालेश्वर साहू, रामू तारक, मदन साहू, कुंजलाल साहू, नोहर साहू, भुवन साहू, दुकालू साहू, कमलेश साहू,बैतल साहू, दिलीप साहू, शेषनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार क्षेत्र में विकास के नए आयाम रचेगी, सबका साथ सबका विकास के ध्येय को आप सबके साथ मिलकर सार्थक करेंगे और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी।

### आईटीआई में चित्रकला प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र संगठन महासमुंद छत्तीसगढ़ और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अंजलि शर्मा के नेतृत्व में प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बागबाहरा में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण पर पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया जा रहा है। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत के एन श्रीमाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बागबाहरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# जिले के बस स्टैंड में सजी तरबूज की दुकानें, किसानों को मिल रहे अच्छे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

तरबूज का नाम आते ही लोगों को भीषण गर्मी में भी तरोताजगी दिलाने वाले विशेष फल की याद आ जाती है। गर्मी के इस खास फल को लेकर लोगों में इसकी दीवानगी है। भीषण गर्मी से राहत पाने को लोग इसकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मांग अधिक होने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। गरियाबंद बस स्टैंड में एक माह से यहां तरबूज की दुकान लग रहे हैं जहां लोग अपनी मनपसंद साइज में तरबूज खरीद रहे हैं। शहर के आसपास गांव में किसान तरबूज की खेती कर रहे हैं। मौसम अनुकूल रहने के कारण तरबूज की पैदावर भी अच्छा हुआ है। और व्यपारी भी हाथों हाथ उठा ले रहे हैं। यहां की तरबूज राजधानी रायपुर और भिलाई तक जा रहा है।

आपको बता दें कि तरबूज खाने से गर्मी में काफी राहत मिलती है, क्योंकि तरबूज में पानी की मात्रा अधिक होती है, जिसको लेकर गर्मी में तरबूज लोगों की पहली पसंद बन जाता है, ये सीजनल फल गर्मी से राहत तो देता है, वहीं तरबूज खाने से सेहत भी अच्छी रहती है, जिसे देखते हुए गर्मी की शुरुआत से ही बाजारों में भारी मात्रा में तरबूज उतर चुका है, लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे है, हालांकि अभी 20 से 30 रुपए किलो के हिसाब से मिल रहा है, लेकिन फिर भी लोग इसे खरीद रहे है।

## भीषण गर्मी से राहत पाने जमकर खरीददारी कर रहे लोग



### लोग शीतल पेय पदार्थों का ले रहे सहारा

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में भयंकर गर्मी से जनजीवन बेहाल है। सुबह 11 बजते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। यह स्थिति शाम 4 बजे तक चलती है। प्यास बुझाने के लिए लोगों को शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेना पड़ रहा है। तरबूज की बाजार में बिक्री शुरू होने से लोग इसकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। बस स्टैंड में फुटपाथ पर तरबूज बेच रहे दुकानदार ने बताया कि अभी सभी साइज में तरबूज का फल आ रहा है। गरियाबंद के आसपास किसान तरबूज की खेती कर रहे हैं। मौसम ठीक रहने से डिमांड अधिक होने है वही अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। करीब 2-3 किलो के तरबूज की कीमत 40-60 रुपये तक है। व्यापारी का कहना है कि बाजार में किसानों की उपज हाथोंहाथ बिक रही है।



## आयोजन : ग्राम धुरसा में राज्यस्तरीय तीन दिवसीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन जारी

# अंतिम समय पर राम नाम का जाप करने से प्राप्त होता है बैकुंठ : रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



ग्राम धुरसा में राज्यस्तरीय तीन दिवसीय श्री रामचरितमानसगान सम्मेलन का आयोजन का भव्य शुभारंभ भगवान श्री रामचन्द्र जी की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। जिसमें प्रथम दिवस आये हुये मानस मण्डलियों की व्याख्याकार द्वारा रामायण के प्रसंगों की बखान किया गया। द्वितीय दिवस में उपस्थित रोशन लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद ने शामिल होकर अपने उदबोधन में जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि राम का नाम लेना और प्रभु श्री राम कथा सुनना ही श्रेष्ठ भक्ति है, और भक्ति से ही शक्ति मिलती है। जो मनुष्य मृत्यु की निकटतम हो और राम नाम जाप करें तो अवश्य बैकुंठ की प्राप्ति होती है, मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण धैर्य होता है। माता पार्वती ने कई हजार साल तपस्या किया कि भगवान शिव मुझे पति के रूप में मिले और अंत में उसे भगवान शिव ही पति के रूप में मिला, तो वे धैर्य है। ठीक उसी प्रकार हम सबको भी एक धैर्य रूपी से काम करना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। प्रेरणा क्या है, प्रेरणा हमें प्रभु श्री राम जी से सीखना चाहिए कि उन्होंने अपने माता -पिता के एक वचन के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र ने चौदह वर्ष का बनवास चुन लिया था। आगे साहू ने कहा कि मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ ऊपर पैसा को लेकर नहीं बल्कि कर्म को लेकर जाता है, इसलिए कर्म से अमीर बनने की कोशिश अवश्य करें। नवयुवक मंडल से सूरज साहू ने बताया कि तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन लगभग प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें समस्त ग्रामवासियों के साथ स्थानीय व्यक्तियों का भी विशेष सहयोग मिलता है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सूरज साहू, भारत साहू, शिवनंदन साहू, बुदेश्वर साहू, मोहन साहू, नुतेश साहू, रमेन्द्र साहू सरपंच, शेखर साहू, तीज राम साहू, रूपराम साहू, बोधिराम साहू, बिसाहू राम साहू, खेमचंद साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।



## चुनेंद्र का नवोदय में हुआ चयन

**नवापारा-राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह, संकुल -मोहरेंगा के छात्र चुनेन्द्र ध्रुव का चयन जिला स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। पिछले वर्ष भी इस स्कूल के कोमल ध्रुव का चयन हुआ था। छात्र के चयन होने पर रमेश यादव प्रधान पाठक, होमेश्वर साहू, राजेश साहू, प्रमोद निषाद, मधुसूदन नाग, कौशिल्या सहित ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

## मैनपुर क्षेत्र की तान्यश्री, जयकिशन लक्ष्य, काव्या का नवोदय में चयन



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के कई होनहार बच्चों का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र के लोगो ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना है। स्वामी आत्मांनद अग्रेजी माध्यम स्कूल मैनपुर कक्षा पांचवी में अध्यनरत छात्र तान्यश्री नागेश एवं आदिवासी बालक आश्रम मैनपुर के छात्र जयकिशन नागेश, द हाईट्स इंग्लिश मिडियम स्कूल मैनपुर के छात्र लक्ष्य नागेश एवं काव्या महिलांगे का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने को मिल रही है, स्वामी आंत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्राचार्य बीएस नागेश, जावेद मेमन, रामेश्वरी ध्रुव, अमृतलाल नागेश, हेमसिंह नेगी, चरण सिंह नागेश, सुमन बाई नागेश, विजय बहादुर, लछींदर दीवान, आदिवासी बालक आश्रम से शेख ईमामुद्दीन, नीरा ध्रुव, वेदप्रकाश पारिक, हुकुम वासनिक, जयतुन खान, नीलम नागर, सरोज सेन, द हाईट्स स्कूल से डोमेश्वरी महिलांगे ने छात्र- छात्रओं की उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# कलश दीप यात्रा निकाल शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीपदर में मंगलवार को संकुल संगठन की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान हेतु पारम्परिक रूप से मतदान कलश यात्र निकाली। मतदान हेतु यह यात्रा लोक परम्परा और संस्कृति के अनुसार जब कलशयात्रा निकली तो कई ग्रामीणजन स्वमेव जुड़ते गए। एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मैनपुर अंजली खलखों द्वारा मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कवंर, निखलेश वर्मा ,आकांक्षी विकासखंड फेलो, हेमंत तिर्की, ग्राम पंचायत अमलीपदर के सरपंच सेवन पुजारी, जनपद सदस्य निर्भय सिंह ठाकुर, सचिव निलाम्बर यदु, ब्लॉक परियोजना अधिकारी मनेंद्र कुटारे एवं निधि साहू क्लस्टर प्रभारी, चंचला प्रधान, सुनीता यादव, चितंजलि, गीता, मंजु, आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## गंगा इमली पककर तैयार



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र मे गंगा इमली का फल पक्क कर तैयार हो चुका है गर्मी के इन दिनो में बच्चे गंगा इमली पेड के आसपास इसे खाने आसानी से दिखाई दे रहे है दिखने मे काफी सुन्दर और पोट्रीन और वसा आदि तत्व से भरपूर इस फल को लोग चाव से खाते है।

## किरवई के फोकटपारा स्कूल में बच्चों ने खाया खीर-पूरी



**राजिम।** किरवई के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा में प्रधान पाठक गैन्दराम साहू ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता-भोज के आयोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, फल, पापड़, दाल -चावल व सब्जी परोसा। बच्चे बहुत ही उत्साह उमंग के साथ न्योता भोज का लुत्फ उठाया। न्योता भोज में पालकों तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। शुभारंभ प्राथमिक शाला किरवई के प्रधान पाठक खेलन साहू द्वारा मां अन्नपूर्णा की स्तुति वंदना कर किया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अतिथियों का स्वागत वंदन पश्चात आशीर्वचन के रुप मे बच्चों को सम्बोधित करते हुए शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंर्तगत न्योता भोज कार्यक्रम की जानकारी दी तथा कहा कि ऐसे सामुदायिक भोज कार्यक्रम से सामाजिक समरसता का निर्माण होता है, यह बहुत ही अच्छी योजना है। शिक्षक दिनेश्वर साहू ने शिक्षकों एवं पालको को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने प्रेरित किया और बताया कि आप भी जन्मसंस्कार, शुभविवाह, जन्मदिवस, शादी के सालगिरह आदि पर न्योता भोज आयोजित कर सकते है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शाला समिति के सदस्यों पालकों सहित मानकी चंदेल, गीता साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष त्रिलोक साहू, यादराम साहू, ढेलिया ध्रुव, दीपक राजपूत सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को खिलाई जा रही है आयरन की गोलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बच्चों में एनीमिया यानी खून की कमी की शिकायतें रहती हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों में एनीमिया के केस पहुंचते हैं। इस बीमारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आयरन की गोलियां खिलाई जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक ने शिक्षकों प्रशिक्षण देकर सभी विद्यालयों में एक नोडल शिक्षक बनाया है जिसके देखरेख में प्रति मंगलवार को मध्यान्ह भोजन के उपरान्त बच्चो को यह टेबलेट खिलाया जा रहा है।विद्यार्थियों को एनीमिया मुक्त करने के लिए आयरन की गोलियों को खिलाने का कार्यक्रम चलाया है। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले पांच से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्रति सप्ताह आयरन की गोलियां खिलाई जाती है। निर्धारित उम्र के विद्यार्थी आयरन की गोलियां खाने से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक छात्र को आयरन की 8 गोलियां दी जाती हैं। एक सप्ताह में यह गोली दी जाएगी। ग्रीष्म अवकाश विद्यालय बंद होने के कारण छात्रें के अभिभावकों और मितानिन जागरूक करेंगे की अपनी निगरानी में आयरन की गोलियां बच्चों को खिलाएंगे।

आवश्यकता है।
हरिभूमि

| पद | पदनाम |
| --- | --- |
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
24 जुलाई 2024
11 सितंबर 2024
6 अक्टूबर 2024
27 नवंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411